Need to construct permanent building for Head Post Office at Kawardha in Rajnandgaon Parliamentary Constituency, Chhattisgarh- Laid

श्री संतोष पांडेय (राजनंदगाँव) : संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव अंतर्गत जिला मुख्यालय कवर्धा का मुख्य डाकघर लगभग 60 वर्षों से किराए के भवनों में संचालित हो रहा है । वर्तमान में डाकघर छीरपानी कॉलोनी में आरटीओ कार्यालय के ऊपर स्थित है, जहां हर महीने ₹8,130 किराया चुकाना पड़ता है । कबीरधाम जिले में 98 शाखा डाकघर संचालित हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में स्थित मुख्य डाकघर खुद अस्थायी ठिकाने पर है । जानकारी अनुसार डाकघर के भवन निर्माण के लिए कवर्धा के ही आदर्श नगर में जमीन आवंटित भी की गई है । लेकिन यहां अब तक भवन निर्माण नहीं हो पाया है । इससे कार्यालय के संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । कवर्धा में मुख्य डाकघर के संचालन हेतु शीघ्र भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें । ताकि डाकघर का व्यवस्थित संचालन हो सके और जिले को सुविधा मिले सके ।